वर्धमान महावीर खुला विश्वविद्यालय, कोटा
परीक्षा विभाग

क्रमांक वमखुवि/उपाधि/दीक्षान्त समारोह(17)/2025/6199 दिनांक : 30/12/24

प्रिय विद्यार्थी,

दिनांक 22 जनवरी 2025 को आयोजित होने वाले 17वें दीक्षान्त समारोह में सत्रांत परीक्षा जून 2022, दिसम्बर 2022 एवं जून 2023 के विद्यार्थियो को प्रदान की जाने वाली उपाधियों में विद्यार्थियों का नाम हिन्दी भाषा में भी अंकित किया जायेगा। इसकी कियान्विति हेतु विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अंग्रेजी व हिन्दी में नाम की सूची उपलब्ध करवा दी गई है । विद्यार्थी अपने नाम की हिन्दी वर्तनी को जांचें और यदि कोई संशोधन की आवश्यकता हो तो दिये गये लिंक पर जाकर संशोधन करें । संशोधन हेतु आपके पंजीकृत मोबाईल पर ओटीपी भेजने की व्यवस्था की गयी है । यदि आपका पंजीकृत मोबाईल नम्बर बदल गया है अथवा आप संशोधन प्रकिया में किसी भी प्रकार की समस्या का सामना कर रहे हैं तो तत्काल ही अपने क्षेत्रीय केन्द्र पर सम्पर्क कर समाधान प्राप्त कर सकते हैं । संशोधन हेतु आपको दिनांक 7 जनवरी 2025 तक का समय दिया जाता है । यदि आप द्वारा कोई संशोधन नहीं किया जाता है तो आपकी उपाधि पर वेबसाइट पर उपलब्ध करवाई गयी सूची में दिया गया नाम प्रिंट करवाया जाएगा । उपाधि प्रिंट होने के बाद यदि आप द्वारा नाम में संशोधन के लिये आवेदन किया जायेगा तो नियमानुसार निर्धारित शुल्क आपको वहन करना होगा ।

परीक्षा नियत्रक

प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु–

1. सचिव, कुलपति सचिवालय, वमखुवि, कोटा
2. निदेशक, क्षेत्रीय केन्द्र, वमखुवि, अजमेर,बीकानेर,जयपुर,जोधपुर,कोटा,उदयपुर व भरतपुर को प्रति देकर लेख है कि यदि उपर्युक्त सहायता के लिये कोई विद्यार्थी आपसे सम्पर्क करता है कि तत्काल ही विद्यार्थी की सहायता करें का श्रम करावें ।
3. प्रभारी, ईएमपीसी, वमखुवि, कोटा को प्रति देकर लेख है कि विद्यार्थियों के अंग्रेजी व हिन्दी के नाम की सूची एवं संशोधन हेतु आवश्यक लिंक इत्यादि विश्वविद्यालय की वेबसाईट पर अपलोड करवाने का श्रम करावें ।

सहायक कुलसचिव